# औद्योगिक उत्पादन की गति चौथे माह भी सुस्त

## विनिर्माण क्षेत्र का रहा कमजोर प्रदर्शन, दिसंबर में आईआईपी 0.4 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। देश का औद्योगिक उत्पादन दिसंबर, 2021 में 0.4% दर से बढ़ा है। हालांकि, विनिर्माण क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन से इसकी रफ्तार लगातार चौथे महीने सुस्त रही।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 77.63 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाले विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में दिसंबर, 2021 में 0.1 फीसदी गिरावट रही। हालांकि, खनन क्षेत्र में 2.6 फीसदी और ऊर्जा उत्पादन में 2.8 फीसदी की बढ़ोतरी रही। इसके अलावा, प्राथमिक उत्पादों का उत्पादन 4.6 फीसदी घट गया। एक साल पहले इसमें 2.2 फीसदी तेजी रही थी। उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के उत्पादन में 2.7 फीसदी और गैर-उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 0.6 फीसदी की गिरावट देखी गई। एजेंसी



### लगातार 4 महीने तक दहाई अंकों में थी वृद्धि

आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में अगस्त तक लगातार चार महीने आईआईपी दहाई अंकों में बढ़ा था। मई, 2021 में इसकी रफ्तार 27.6 फीसदी, जून में 13.8 फीसदी, जुलाई में 11.5 फीसदी और अगस्त में 13 फीसदी रही थी। इसके बाद इसकी रफ्तार घटती गई। सितंबर में आईआईपी 4.4 फीसदी और अक्तूबर में 4 फीसदी बढ़ा था। नवंबर में इसकी रफ्तार 1.3 फीसदी रही थी।